Regarding need to grant environmental clearance to the pending projects in Mumbai-laid

श्री गोपाल शेट्टी **(**मुम्बई उत्तर**):** देश की विशेषतः मुंबई महानगर के निर्माण संबंधी अनेकों परियोजनाएं पर्यावरणीय स्वीकृति न मिलने की वजह से अधर में पड़ी रहने की वजह से विकास कार्य अवरूद्ध हो रहा है तथा पर्यावरणीय स्वीकृति न मिलने के परिणामस्वरूप विकास संबंधी निर्माण कार्यों पर विपरीत असर पड़ता है । अतः लंबित पड़ी परियोजनाओं को एक निश्चित समय पर पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान किए जाने की आवश्यकता है ।

दूसरे, मैं यह तथ्य भी ध्यान में लाना चाहूंगा कि विषेशतः मुंबई महानगर में निर्माण संबंधी परियोजनाओं की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित प्रकरण में जन-प्रतिनिधि की उपेक्षा कर आर 0 टी0 आई 0 एक्टिविस्ट को अधिक महत्व दिया जा रहा है, जो उचित नहीं है तथा प्रायः यह भी देखने में आया है कि निर्माण संबंधी परियोजनाओं में पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन किए जाने पर दोषियों के विरूद्ध केवल धन का जुर्माना लगाकर उन्हें छोड़ दिया जाता है । इसमें धन के जुर्माने के साथ-साथ दंडात्मक कार्यवाही किए जाने का प्रावधान किए जाने की भी जरूरत है ।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त विषय पर समुचित कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें ।